**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 07.01.2020 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न हुई 2020/1 (सत्रहवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह<br>कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद, संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, वराणसी<br>प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3 | श्री आनन्द स्वरुप, अपर निदेशक कोषागार एवं पेशन गोरखपुर मण्डल,<br>गोरखपुर। प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त) वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश,<br>शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राम अचल सिंह,<br>पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,<br>फैजाबाद। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 ए0एन तिवारी,<br>अधिष्ठाता छात्र कल्याण मामले,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य |
| 6. | डा0 जीऊत सिंह,<br>कुलसचिव,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 डी0के0 द्विवेदी,<br>अधिष्ठाता स्नातक, अध्ययन एवं उद्यमिता<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8. | प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव,<br>अधिष्ठाता नियोजन, श्रोतजनन एवं अल्युमिनायी सम्बन्ध<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

F.C.

9. प्रो0 डी0के0 सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता संकाय मामले,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

10. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता परास्नातक,अध्ययन एवं शोध व बिकास,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

10. श्री अमर सिंह, सदस्य / सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**वित्त समिति की सत्रहवीं बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

17–01 **वित्त समिति की दिनांक 18.11.2019 को सम्पन्न हुई 2019 / 04(सोलहवीं) बैठक की कार्यवृत्ति के पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की सोलहवीं बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की सोलवहीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

17–02 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 2019 / 4(सोलहवीं) बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कार्यन्वित का विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की सोलहवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए पूर्व के स्वीकृति प्रस्तावों पर लिये गये निर्णयों का विस्तृत कार्यान्वित विवरण प्रस्तुत करने पर सहमति व्यक्त की गयी।

F.C.

17–03 **वित्तीय वर्ष 2019–20 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष दिनांक 31.12.2019 तक के वास्तविक व्यय का ब्योरा एवं वित्तीय वर्ष 2019–20 का अनुमोदित पुनरीक्षित बजट के साथ आगामी वित्तीय वर्ष 2020–21 का अनुमोनित व्यय एवं अनुमानित आय का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2019–20 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष दिनांक 31.12.2019 तक का वास्तविक व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2019–20 का अनुमोदित पुनरीक्षित बजट के साथ आगामी वित्तीय वर्ष 2020–21 का अनुमानित व्यय तथा अनुमानित आय के विवरण का अवलोकन कर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2020–21 के आय के साथ पूर्व के वित्तीय वर्ष 2019–20 की भी आय दर्शाये जाने का सुझाव दिया गया।

17–04 **रसायन एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के एम. एस. सी. एण्ड बी. टेक. लैब के प्रयोगशालाओं में उपकरण, साफ्टवेयर, केमिकल एवं अन्य सामग्रियों के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा रसायन एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के एम.एस.सी. बी.टेक. लैब के प्रयोगशालाओं हेतु आवश्यक उपकरण, साफ्टवेयर, केमिकल एवं अन्य सामग्रियों के कय, किये जाने के प्रस्ताव रु. 55.07 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय/टेक्विप मद से वहन किया जायेगा।

17–05 **विद्युत अभियंत्रण विभाग के प्रयोगशालाओं मे उपकरण एवं अन्य सामग्रियों के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत अभियंत्रण विभाग के प्रयोगशालाओं में उपकरण एवं अन्य सामग्रियों के कय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 62.86 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय/टेक्विप मद से वहन किया जायेगा।

17–06 **विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग के प्रयोगशालाओं मे उपकरण, फर्नीचर के कय एवं अनुरक्षण सम्बन्धित कार्य का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग के प्रयोगशालाओं में उपकरण, फर्नीचर के कय एवं अनुरक्षण सम्बन्धित कार्य किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 35.00 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय/टेक्विप मद से वहन किया जायेगा।

17–07 **वित्तीय वर्ष 2019–20 की बचत को विश्वविद्यालय कार्पस फन्ड में विनियोजित किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर वित्तीय वर्ष 2019–20 की बचत को विश्वविद्यालय के कार्पस फन्ड में विनियोजित किये जाने के प्रस्ताव का समिति द्वारा

F.C.

अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही पूर्व में विनियोजित एफ.डी.आर. की धनराशि रु. 5679.00 लाख को भी विश्वविद्यालय के कार्पस मनी में विनियोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। माह–अप्रैल 2020 पेड माह–मई 2020 तक के संभावित व्ययों को रोक कर वित्तीय वर्ष 2019–20 की अवशेष धनराशि के एफ.डी.आर. के रुप में विनियोजित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

17–08 **<u>विद्युतकण अभियंत्रण विभाग एवं विद्युत अभियंत्रण विभाग में पोर्टिको के निर्माण कार्य का प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विद्युतकण अभियंत्रण विभाग एवं विद्युत अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्षों द्वारा विद्युत अभियंत्रण विभाग के दोनो ब्लाकों के बीच खाली स्थल को विभागाध्यक्ष केबिन व आफिस (भूतल पर) एवं प्रथम तल पर शिक्षकों हेतु केबिन का निर्माण कराते हुए पश्चिम दिशा में पोर्टिकों के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु रु. 35.23 लाख एवं विद्युतकण अभियंत्रण विभाग के सामने (उत्तर दिशा) में पोटिको बनाये जाने हेतु रु. 4.79 लाख का प्रारम्भिक आगणन (मय रेखाचित्र प्लान) उ.प्र. लोक निर्माण विभाग की वर्तमान प्रभावी कुर्सी क्षेत्रफल दर के आधार पर तैयार किया गया है। जो विश्वविद्यालय मद से वहन किया जायेगा, वर्तमान में विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्यदायी संस्था : यू0पी0आर0एन0एस0एस0, गोरखपुर को उक्त प्रस्तावित कार्य हेतु नामित किये जाने की स्वीकृति भी समिति द्वारा प्रदान की गयी।

समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव : –**

17–09 **<u>टेक्विप स्कीम में वित्तीय वर्ष 2019–20 के चतुर्थ क्वाटर (जनवरी 2020 से मार्च 2020) में विभिन्न मदों में हाने वाले अनुमानित व्यय रु. 457.6 लाख का प्रस्ताव।</u>**

समिति समिति द्वारा प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय में टेक्विप स्कीम के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2019–20 (जनवरी 2020 से मार्च 2020) में विभिन्न मदों में होने वाले अनुमानित व्यय पर रु. 457.6 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त मे बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुई।

07.01.2020

(श्री अमर सिंह)
वित्त नियंत्रक
सदस्य / सचिव

अनुमोदित

07.01.2020

(प्रो0 श्रीनिवास सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष